लिखित परीक्षा / सी.बी.टी.के अंकों में टाई होने के मामले में, पद के लिये अधिसूचित आवश्यक अर्हता के शैक्षणिक अंको को टाई ब्रेकर माना जायेगा ।

In case of a tie in Written Test/CBT scores, the academic scores of the essential qualification as notified for the post shall be the tie breaker.

तकनीशियन-बी एवं **ड्राफ्टस्मैन-बी** पदों की भर्ती के संदर्भ में, यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के संबंध में लिखित परीक्षा / सी.बी.टी. के अंक तथा अधिसूचित अर्हता (एन.ए.सी./एन.टी.सी./आई.टी.आई.) के शैक्षणिक अंकों में टाई है तो, अभ्यर्थी जिन्हें एन.ए.सी. अंक प्राप्त नहीं हैं, की तुलना में अभ्यर्थी जिन्हें मान्य एन.ए.सी. अंक प्राप्त हैं को वरीयता दी जाएगी।

In respect of recruitment to the posts of **Technician-B** and **Draughtsman-B**, if there is a tie in Written Test/CBT scores and academic scores of notified qualification (NAC/NTC/ITI) in respect of two or more candidates, candidates possessing valid NAC score will have preference over other candidates who do not possess NAC score.

b) <u>रसोइया – ए पद हेतु / For the post of Cook- A:</u>

लिखित परीक्षा / सी.बी.टी. के लिए पाठ्यविवरण, पाठ्यक्रम आधारित है। लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. के अंकों में टाई होने पर, अधिसूचित अर्हता का शैक्षणिक अंक, टाई ब्रेकर होगा। कौशल परीक्षा पूरी तरह से अर्हता के आधार पर होगा। कौशल परीक्षा, 100 अंकों के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें से अभ्यर्थी को अर्हता प्राप्त करने के लिए 60 अंक प्राप्त करने होंगे। किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा में अंकों के लिए कोई भी छूट लागू नहीं है। अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा / सी.बी.टी. में अर्हता प्राप्त किया है, को न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों सहित 1:5 अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा।

The syllabus for the written test/CBT is curriculum based. In case of a tie in Written Test/CBT scores, the academic scores of the notified qualification(s) shall be the tie breaker. The Skill Test will be purely of qualifying nature. The Skill Test will be conducted for 100 marks out of which the applicants have to secure 60 marks for qualifying. No relaxation of marks is applicable in the Skill Test for any category of applicants. The applicants who had qualified in the Written Test /CBT will be shortlisted for the Skill Test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates.

परीक्षा का पैटर्न / Pattern of Exam:

पद Post	लिखित परीक्षा Written Test/CBT	कौशल परीक्षा Skill Test
रसोइया ए Cook- A	1.5 घंटे में 60 MCQs (+1 & -0.33 अंकन) 60 MCQs in 1.5 hrs (+1 & -0.33 marking)	(अर्हता): 100 अंकों के लिए आयोजित किया जाएगा (Qualifying nature): To be conducted for 100 marks

नोट:. इस्ट्रैक लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. ऑनलाइन/ऑफलाइन आयोजित करने का अधिकार रखता है। लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा, बेंगलूरु अथवा पूरे भारत के विभिन्न नगरों में आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन केवल बेंगलूरू में ही किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए हिंदी / अँग्रेजी माध्यम से लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. देने का विकल्प है।

Note: ISTRAC reserves the right to conduct the written test online / offline. The Written Test / Computer Based Test will be conducted in Bengaluru or different cities across India. Skill Test will be conducted for the screened-in / shortlisted candidates in Bengaluru only. Candidates will have the option to take the written exam/CBT in Hindi/English medium.

9. सामान्य शर्तें General Conditions:

i. केवल ऑन-लाइन माध्यम से प्रस्तुत आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
Applications made through on-line will only be entertained. Physical applications will not be entertained.

ii. पद अस्थायी हैं, परंतु इनके जारी रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue.

iii. उपरोक्त उल्लिखित रिक्त पद अनंतिम हैं एवं वास्तविक अपेक्षाओं के आधार पर बदल सकते हैं।
The number of vacancies indicated above is provisional and may vary depending on the actual requirements.

iv. नियुक्त व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार, भारत में ही कहीं पर भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिटों में तैनात किया जा सकता है। इसरो के केंद्रों / यूनिटों के विवरण हेतु, कृपया www.isro.gov.in देखें।
The appointees are liable to be posted in any of the Centre / Units of the Indian Space Research Organization / Department of Space situated anywhere in India, as and when required. For details of ISRO Centre / Units, please visit **www.isro.gov.in**

v. **नियुक्त व्यक्ति को चौबीस घंटें की पारी में काम करना पड़ सकता है ।**
The appointees are liable to work in round the clock shifts.

vi. इसरो किसी भी पद अथवा सभी पदों/रिक्तियों पर भर्ती करने या न करने का अधिकार रखता है।
ISRO reserves the right either not to fill up all or any of the posts / vacancies, if so desires.

vii. **केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।**
Only Indian Nationals need to apply.

viii. **मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण (ओ.डी.एल.) के ज़रिए प्राप्त किए वृत्तिका पाठ्यक्रम वाले अभ्यर्थी तकनीकी सहायक के पद हेतु भर्ती के लिए पात्र नहीं हैं।**
Candidates who have pursued Professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible to apply for recruitment to the post of Technical Assistant.

ix. यदि अभ्यर्थी आवेदन की प्राप्ति के अंतिम दिनांक के समय विज्ञापन में दिए गए पात्रता/शर्तों को पूरा नहीं करतें तो, लिखित परीक्षा/सी.बी.टी /कौशल परीक्षा से पूर्व अथवा लिखित परीक्षा/सी.बी.टी./कौशल परीक्षा के दौरान या लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के पश्चात् संवीक्षा के समय में कोई विसंगतियाँ दिखने पर उनकी अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा।

If a candidate does not fulfill the eligibility / conditions given in the advertisement at the time of last date of receipt of application, his / her candidature will be cancelled summarily at any stage on scrutiny whenever the discrepancy is noticed i.e. before Written Test/CBT / Skill Test or during Written Test/CBT / Skill Test or after Written Test/CBT / Skill Test.

x. लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में उत्तीर्ण होने के पश्चात् साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिए चयनित बाहर से आनेवाले अभ्यर्थियों को ऑन-लाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा स्थान तक निकटतम मार्ग के द्वारा आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी शयन रेल भाड़ा अथवा अवातानुकूलित बस शुल्क अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो, को यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर जैसे कि रेल, बस, हवाई द्वारा जैसे उच्च श्रेणी में यात्रा करने पर मात्र आरक्षण/शयन खर्च को काट कर द्वितीय श्रेणी का रेल भाड़े का भुगतान किया जाएगा। **(अभ्यर्थी, जिनके दस्तावेज़ों की सफलतापूर्वक जांच की गई हो, को कौशल परीक्षा के लिए अनुमति दी जाएगी तथा उनको ही पात्र यात्रा भत्ता दिया जाएगा।)**
Outstation candidates short listed for skill test after qualifying in the written test/CBT will be paid Travelling Allowance (TA) which is to and fro Second Class Sleeper Railway fare by the shortest distance from the address given in the on-line application to the place of Skill Test or non-A/c Bus fare or actual fare whichever is less on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey performed by the candidate viz., Rail, Bus, Air, etc. If a candidate travels in a higher class of accommodation, by train, by bus or by Air, only second class train fare by the shortest distance excluding reservation / sleeper charges will be paid. **(The candidates who are allowed for Skill Test after the successful document verification will alone be paid eligible Travelling Allowance).**

xi. कौशल परीक्षा के समय अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस. वाले अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र/प्रमाण-पत्र की नवीनतम प्रति प्रस्तुत करनी होगी एवं पी.डब्ल्यू.बी.डी. एवं अन्य वर्गों के अभ्यर्थी के होने पर रियायत/छूट का दावा करना चाहते हैं, को अपनी समतुल्य शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने हेतु भारत सरकार के तहत नौकरियों के आरक्षण/रियायत के लिए लागू निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबद्ध प्रमाण-पत्र में संबंधित प्रमाण देते हुए सभी प्रमाण-पत्र लाना होगा।
Candidates belonging to SC/ST/OBC/EWS should submit a latest copy of Caste Certificate/Certificate and candidates who claim concession / relaxations being PwBD and other categories of candidates need to bring relevant certificates issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation / concessions of jobs under the Government of India including all the certificates supporting for having acquired their equivalent educational qualification at the time of Skill Test.

xii. भूतपूर्व सैनिकों को कौशल परीक्षा के समय, भूतपूर्व सैनिक-सेवा स्थिति उल्लिखित करते हुए सेवा-मुक्ति प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों को विज्ञापित पदों एवं आवेदित पदों से भिन्न अर्हता प्राप्त करने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक समतुल्यता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
Ex-servicemen have to submit a copy of the Discharge Certificate duly indicating the Ex-servicemen status at the time of Skill Test. Ex-Servicemen have to also submit necessary equivalency certificate issued by the Competent Authorities whenever the qualification acquired by them is different from the posts advertised and applied for by them.

xiii. यदि आवेदन के समय निर्धारित न्यूनतम योग्यता से उच्च अर्हता एवं/अथवा अतिरिक्त अनुभव होने पर उन्हें, आवेदित पद हेतु लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जा सकता है, परंतु उच्च अर्हता एवं/अथवा अनुभव प्राप्त अभ्यर्थी को विज्ञापन के अनुसार पर्याप्त मात्रा में अर्हता प्राप्त अन्य अभ्यर्थियों के समान ही माना जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को मात्र विज्ञापन में दिए गए ग्रेड/पद ही दिए जाऐंगे।
If candidates with higher qualification and /or experience in addition to those prescribed as minimum to apply, they may be called for Written Test/CBT / Skill Test for the post for which they have applied, but the higher qualification and / or experience shall not give the candidate any edge over other candidates adequately qualified as per the advertisement. The selected candidates shall be offered only the advertised grade / post.

xiv. अभ्यर्थी को आगे की सभी सूचनाएं केवल उनकी पंजीकृत ई-मेल आई.डी. पर भेजे जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फोल्डर सहित) नियमित रुप से देखते रहें तथा समय-समय पर इसरो/इस्ट्रैक वेबसाइट देखें। इसरो/ इस्ट्रैक उपर्युक्त के अनुसार प्रेषित/ प्रदान की गई किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और इस विषय पर किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
All further communications to the candidate shall be sent to his / her registered e-mail ID only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit ISRO / ISTRAC websites from time to time. ISRO / ISTRAC will not be responsible for non-receipt of any intimation sent/provided as afore-said, and no representation on the matter will be entertained.

xv. यह नोट किया जाए कि न्यूनतम अर्हता आवश्यकताएं, पदों की संख्या आदि में किसी भी संशोधन से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि कोई हो तो, केवल इसरो/इस्ट्रैक वेबसाइट में अधिसूचित किया जाएगा और समाचार पत्रों में अधिसूचित/विज्ञापित नहीं किया जाएगा।
It may be noted that corrigendum, if any, related to any modifications to the Essential Qualification Requirements, No. of posts, etc., will be notified in ISRO / ISTRAC websites only and will not be notified/advertised in newspapers.

xvi. आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.एस.) के लिए आरक्षण
Reservation for Economically Weaker Sections (EWSs):

अ.जा., अ.ज.जा. एवं अ.पि.व. हेतु आरक्षण की योजना के तहत जो व्यक्ति नहीं आते हैं एवं जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय ₹. 8.00 लाख (मात्र आठ लाख रुपये) है की पहचान आरक्षण के लाभार्थ ई.डब्ल्यू.एस.एस. के रुप में की गई है। आवेदन वर्ष के पूर्व वित्तीय वर्ष हेतु उक्त आय, सभी स्रोतों को मिलाकर जैसे कि वेतन, कृषि, व्यवसाय, वृत्ति, इत्यादि होगा। साथ ही, जिनके परिवार निम्नलिखित परिसंपत्तियाँ का स्वामित्व या अधिकार रखते हैं, को उनके आय पर बिना ध्यान दिए ई.डब्ल्यू.एस.एस. से हटा दिया जाएगा।
Persons who are not covered under the scheme of reservation for SCs, STs and OBCs and whose family has gross annual income below Rs. 8.00 lakh (Rupees eight lakh only) are to be identified as EWSs for benefit of reservation. Income shall, also include from all sources i.e., salary, agriculture, business, profession, etc., for the financial year prior to the year of application. Also persons whose family owns or possesses any of the following assets shall be excluded from being identified as EWS, irrespective of the family income.

I. 5 एकड़ की कृषि भूमि एवं उससे अधिक
5 acres of agricultural land and above

II. 1000 वर्ग फुट का आवासीय फ्लेट एवं उससे अधिक
Residential flat of 1000 sq. ft. and above

III. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 वर्ग यार्ड का आवासीय प्लॉट एवं उससे अधिक
Residential plot of 100 sq. yards and above in notified municipalities.

IV. अधिसूचित नगरपालिकाओं के अतिरिक्त क्षेत्रों में 200 वर्ग यार्ड का आवासीय प्लॉट एवं उससे अधिक
Residential plot of 200 sq. yards and above in areas other than the notified municipalities.

1) ई.डब्ल्यू.एस. स्थिति निर्धारित करने हेतु भूमि व संपत्ति होल्डिंग टेस्ट के लिए आवेदन करते समय, एक "परिवार" द्वारा विभिन्न स्थानों में एवं विभिन्न जगहों/नगरों में अपने अधिकार में रखे हुए संपत्ति को जोड़ा जाएगा।
The property held by a "Family" in different locations or different places/ cities would be clubbed while applying the land or property holding test to determine EWS status.

2) इस प्रयोजन हेतु "परिवार" शब्द, वह व्यक्ति, जो आरक्षण का लाभ चाहता है, उसके माता-पिता एवं सहोदर भाई या बहन; जो 18 वर्ष से कम हों तथा उसके पति/पत्नी और उसके बच्चे; जो 18 वर्ष से कम हों को शामिल किया जाएगा।
The term "Family" for this purpose will include the person who seeks benefit of reservation, his/her parents and siblings below the age of 18 years as also his/ her spouse and children below the age of 18 years.

आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी एवं प्रमाण-पत्र का सत्यापन
INCOME AND ASSET CERTIFICATE ISSUING AUTHORITY AND VERIFICATION OF CERTIFICATE:

- ई.डब्ल्यू.एस. के तहत आरक्षण का लाभ, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थी का दावा कि वे 'ई.डब्ल्यू.एस. हैं' को **अनुलग्नक-ए**. में दिए गए प्रपत्र में निम्नलिखित प्राधिकारियों में से किसी भी प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र को प्रमाण के रुप में ही स्वीकार किया जाएगा।
The benefit of reservation under EWS can be availed upon production of an Income and Asset Certificate issued by a Competent Authority. The Income and Asset Certificate issued by anyone of the following authorities in the prescribed format as given in **Annexure-A** shall only be accepted as proof of candidate's claim as 'belonging to EWS':

  - जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर/ उप आयुक्त / अपर उपायुक्त/ प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/ उप-प्रभागीय मजिस्ट्रेट/ तालुक मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त
    District Magistrate / Additional District Magistrate / Collector / Deputy Commissioner / Additional Deputy Commissioner / 1st Class Stipendary Magistrate / Sub-Divisional Magistrate / Taluka Magistrate / Executive Magistrate / Extra Assistant Commissioner
  - मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
    Chief Presidency Magistrate / Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate
  - राजस्व अधिकारी जोकि तहसीलदार के पद से कम न हो एवं
    Revenue Officer not below the rank of Tehsildar and
  - उस क्षेत्र के उप-प्रभागीय अधिकारी जहां सामान्यत: अभ्यर्थी एवं/या उसके परिवार वाले रहते हों।
    Sub-Divisional Officer or the area where the candidate and / or his family normally resides.

- प्रमाण-पत्र जारी करने वाले अधिकारी संबंधित राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र द्वारा निर्धारित नियत प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद सभी संबंधित दस्तावेज़ों का ध्यानपूर्वक सत्यापन करने के बाद उसे जारी करेंगे।
The Officer who issues the certificate would do the same after carefully verifying all relevant documents following due process as prescribed by the respective State / Union Territory.

- **ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित अभ्यर्थी को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारुप में जारी वर्ष 2025-26 के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र और वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।**
  The candidate belonging to EWS, at the time of Skill Test / Interview, should produce Income & Asset Certificate for the year 2025-26 and valid for the Financial year 2026-27 issued in the prescribed format by the Competent Authority.

- अभ्यर्थी जो आर्थिक रुप से कमज़ोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) कोटा के प्रति आवेदन दे रहे हैं, को DOPT OM No. 36039/1/2019-Estt (Res), दिनांक 31.01.2019 में निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। पूर्वकथित का. ज्ञा. में निर्धारित शर्तों का अनुपालन न करने की स्थिति में, ई.डब्ल्यू.एस. के तहत आरक्षण स्थिति के दावे पर ध्यान नहीं दिया जाएगा एवं ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता/आवेदन को, यदि सामान्य वर्ग हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं तो, मात्र सामान्य रिक्तियों के तहत विचार किया जाएगा।
  The candidates applying against Economically weaker sections (EWS) quota should submit Income and Asset Certificate issued by the Competent Authority in the format prescribed in DOPT OM No. 36039/1/2019-Estt (Res), dated 31.01.2019. In case of non-compliance of the conditions stipulated in the aforesaid OM, the claim for reserved status under EWS will not be entertained and candidature / application of such candidates, if fulfilling all the eligibility conditions for general (UR) category will be considered under general (UR) vacancies only.

xvii. आवेदन केवल ऑन-लाइन द्वारा ही प्राप्त किए जाएंगे एवं आगे के सभी पत्राचार आवदकों को केवल ई-मेल/इसरो वेबसाइट द्वारा ही भेजे जाएंगे। अत:, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल नियमित रुप से देखें एवं समय-समय पर इसरो/इस्ट्रैक वेबसाइट देखें। इसरो/इस्ट्रैक तकनीकी या अन्य किसी भी कारणवश ई-मेल अथवा / किसी पत्राचार के अभ्यर्थियों तक न पहुँचने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
Applications will be received through on-line only and all further communications will be made to the applicants through e-mail / ISRO/ISTRAC website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the ISRO/ISTRAC website from time to time. ISRO/ISTRAC will not be responsible for non-receipt of intimation regarding e-mail or / any communication due to technical or whatsoever reasons to the candidates.

xviii. पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा (यदि स्क्राइब/अतिरिक्त समय के लिए विकल्प देते हैं) के समय एवं सत्यापन हेतु साक्षात्कार के समय **अनुलग्नक – बी एवं अनुलग्नक – सी** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में दिव्यांगता के प्रतिशत को स्पष्ट रूप से इंगित करते हुए केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से गठित कम-से-कम तीन (03) सदस्यों वाले चिकित्सा बोर्ड , जिसमें एक सदस्य अशक्तता की जाँच करने के लिए उस विशिष्ट क्षेत्र का विशेषज्ञ होना चाहिए, द्वारा जारी मूल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
Candidates belonging to PwBD should produce the original Disability Certificate in the prescribed format as given in **Annexure-B** & **Annexure-C** at the time of Written Test/CBT (if opting for scribe/compensation time) and at the time of Interview for verification, clearly indicating the percentage of disability, issued by a Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government.

xix. केवल संबंधित परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन देने हेतु पात्र हैं। अंतिम परिणाम के लिए प्रतीक्षा करने वाले विद्यार्थी आवेदन न करें।
The candidates who have passed out in the relevant examinations only are eligible to apply. Students awaiting for final result need not apply.

xx. लिखित परीक्षा केंद्र अथवा कौशल परीक्षा केंद्र या संपर्क हेतु ई-मेल आई.डी./मोबाइल सं. में परिवर्तन हेतु किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
Any request for change of Written Test/CBT Centre or Skill Test Centre or e-mail id/mobile number for communication will **NOT** be entertained.

xxi. किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। दूरभाष पर बातचीत हेतु सख्त मनाही है। फिर भी, किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, अभ्यर्थी अपना मेल rmt-istrac@istrac.gov.in को भेज सकते हैं।
No interim correspondence will be entertained. Telephonic conversations are strictly not entertained. However, in case of any clarification, candidates may send their mail to rmt-istrac@istrac.gov.in

xxii. इसरो में रोजगार प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार का प्रचार करने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को अयोग्य माना जाएगा।
CANVASSING IN ANY FORM FOR SECURING EMPLOYMENT IN ISRO WILL RESULT IN DISQUALIFICATION OF THE CANDIDATURE OF THE APPLICANT.

xxiii. आयु की गणना, अर्हता प्राप्ति, अनुभव इत्यादि जैसे सभी प्रयोजनों के लिए 20.07.2026 (ऑनलाइन आवेदनों की प्राप्ति हेतु अंतिम तारीख) अंतिम तारीख होगी।
20.07.2026 (LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATIONS) will be the cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring of qualification, experience etc.

xxiv. अभ्यर्थी यह सुनिश्चत करें कि वे सभी संदर्भों में विज्ञापन के साथ-साथ आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध अपेक्षाओं सहित पात्रता मानदंड पूर्ण करते हैं एवं अनुदेशों का पालन करते हैं। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को भरें तथा इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार उक्त को प्रस्तुत करें।
It is for the candidate to ensure that he / she fulfills the eligibility criteria and comply with the requirements and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form in all respects. Candidates are therefore, urged to carefully read the advertisement and fill in the on-line application form and submit the same as per the instructions given in this regard.

xxv. आवेदक की पूरी जानकारी, फोटो इत्यादि के बिना आवेदन प्रस्तुत करने पर, इसे तुरंत ही अस्वीकृत किया जाएगा।
Applications submitted without complete information, photo of the applicant, etc. will summarily be rejected.

xxvi. एक ही सत्र में एक से अधिक पदों के लिए परीक्षा का समय एक होने की स्थिति में , अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा देने के लिए एक ही पद का चयन करें।
If a clash with the timing of the examination for multiple posts in the same session is observed, candidate is advised to choose one post for appearing in the examination.

xxvii. हिंदी रुपांतर की व्याख्या के संदर्भ में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेज़ी रुपांतर में उल्लिखित विषय –वस्तु को अंतिम माना जाएगा।
In case of any ambiguity / dispute arises on account of interpretation of Hindi version, contents enumerated in English version shall finally prevail.

कृपया भर्ती से संबंधित नवीनतम अद्यतन स्थिति हेतु हमारी वेबसाइट www.isro.gov.in / www.istrac.gov.in देखें
PLEASE VISIT OUR WEBSITES AT www.isro.gov.in / www.istrac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON RECRUITMENT

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल इसरो / इस्ट्रैक के सरकारी वेबसाइट ही देखें एवं अनैतिक तत्व/दलालों द्वारा नकली वेबसाइट एवं सोशियल मीडिया में डाले गए विषयों से सावधान रहें
Candidates are advised to visit only the official websites of ISRO / ISTRAC and beware of FAKE websites and social media content put up by unscrupulous elements/ touts.

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 20.07.2026 है।

LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATIONS IS 20.07.2026

इसरो में सेवा आरंभ करें एवं जीवन वृत्ति को सँवारें, प्रतिभाशाली वैज्ञानिक एवं तकनीकी समुदाय के साथ अपना ज्ञान बाँटें और राष्ट्र के विकास में सहयोग करें

JOIN ISRO AND SHAPE-UP YOUR CAREER
SHARE YOUR KNOWLEDGE WITH TALENTED SCIENTIFIC AND TECHNICAL COMMUNITY AND SUPPORT NATIONAL DEVELOPMENT

"सरकार ऐसे कार्यदल के लिए प्रयासरत है जो लिंग की समानता को अभिव्यक्त करता है और अत: महिला अभ्यर्थी को आवेदन करने के लिए प्रेरित करता है
"Government strives to have a workforce which reflects gender balance and hence women candidates are encouraged to apply"

अनुलग्नक ANNEXURE-ए A

..... सरकार
Government of .....
((प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम व पता/
Name & Address of the authority issuing the certificate)

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं सम्पत्ति प्रमाणपत्र
INCOME & ASSET CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY ECONOMICALLY WEAKER SECTIONS

प्रमाणपत्र सं. Certificate No: ..... दिनांक Date:.....

वैधता का वर्ष VALID FOR THE YEAR.....

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी..... स्थाई निवासी ..... ग्राम/गली ..... डाक घर ..... जिला ....., राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ..... पिन कोड ..... जिनका फोटोग्राफ नीचे सत्यापित किया गया है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं, चूँकि उनके परिवार** की वित्तीय वर्ष ..... की सकल वार्षिक आय रु. 8 लाख (रुपये आठ लाख मात्र) से कम है और उनके परिवार के पास निम्नांकित में से कोई भी परिसम्पत्ति नहीं है।

This is to certify that Shri/Smt./Kumari .....son/daughter/wife of ..... permanent resident of ..... Village/Street ..... Post Office ..... District..... in the State/Union Territory ..... Pin Code..... whose photograph is attested below belongs to Economically Weaker Sections, since the gross annual income* of his/her 'family" ** is below Rs.8 Lakh (Rupees Eight Lakh only) for the financial year ..... His/her family does not own or Possess any of the following assets***:

I. 5 एकड़ और इससे अधिक कृषि भूमि 5 acres of agricultural land and above;
II. 1000 वर्ग फुट और इससे अधिक का आवासीय फ्लैट Residential flat of 1000 sq. ft. and above;
III. अधिसूचित नगर निगम में 100 वर्ग गज और इससे अधिक का आवासीय प्लॉट
Residential plot of 100 sq. yards and above in notified municipalities;
IV. अधिसूचित नगर निगमों से अन्यत्र क्षेत्र में 200 वर्ग गज और इससे अधिक का आवासीय प्लॉट
Residential plot of 200 sq. yards and above in areas other than the notified municipalities.

2. श्री/श्रीमती/कुमारी .... जाति के/की हैं, जिसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गों (केन्द्र की सूची) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।
Shri/Smt./Kumari ..... belongs to the ..... caste which is not recognized as a Scheduled Caste, Scheduled Tribe and Other Backward Classes (Central List).

कार्यालय की मोहर सहित हस्ताक्षर
Signature with seal of office .....

नाम Name .....

पदनाम Designation .....

((कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी का. ज्ञा. सं.36039/1/2019-Estt(Res) दिनांक 31.01.2019 के पैरा 5 में उल्लिखित कोई अधिकारी आय एवं सम्पत्ति प्रमाणपत्र में हस्ताक्षर कर सकता है।

Any Officer as mentioned in para 5 of O.M No.36039/1/2019-Estt(Res) dated 31.01.2019 issued byDepartment of Personnel and Training, New Delhi may sign the Income and Asset Certificate)

आवेदक का हाल का पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटोग्राफ
Recent passport size attested photograph of the applicant

*नोट Note1: सभी स्रोतों में सम्मिलित आय अर्थात वेतन, कृषि, व्यापार आदिincome covered all sources i.e. salary, agriculture, business, profession, etc.

**नोट Note2: इस उद्देश्य के लिए 'परिवार' शब्द के आशय में आरक्षण का लाभ लेने वाले व्यक्ति के माता - पिता और 18 वर्ष से कम आयु के सगे भाई - बहन और साथ ही उसकी पत्नी/पति तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शामिल किया गया है। the term "Family" for this purpose include the person, who seeks benefit of reservation, his/her parents and siblings below the age of 18 years as also his/her spouse and children below the age of 18 years.

***नोट Note3: भूमि या सम्पत्ति धारण परीक्षण के आधार पर ईडब्ल्यूएस स्थिति निर्धारित करने हेतु आवेदन करते समय, 'परिवार' द्वारा अलग - अलग स्थानों या शहरों की सम्पत्तियों को एक साथ जोड़ा गया है। the property held by a "Family" in different locations or different places/cities have been clubbed while applying the land or property holding test to determine EWS status.

अनुलग्नक ANNEXURE- बी B

परीक्षा लिखते समय शारीरिक असमर्थता के सम्बंध में प्रमाणपत्र
Certificate regarding physical limitation in an examinee to write

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/श्रीमती/कुमारी ..... (नि:शक्त अभ्यर्थी का नाम), ... व्यक्ति (नि:शक्तता प्रमाणपत्र में वर्णित नि:शक्तता के प्रतिशत सहित प्रकृति), पुत्र/पुत्री ..... निवासी (ग्राम/जिला/राज्य) की जाँच की और यह कहना है कि उन्हें शारीरिक असमर्थता है जो उनकी नि:शक्तता के कारण उनके लिखने की क्षमता को बाधित करती है।

This is to certify that, I have examined Mr/Ms/Mrs …….. (name of the candidate with disability), a person with……..(nature and percentage of disability as mentioned in the certificate of disability), S/o/D/o……., a resident of ……(village/district/state) and to state that he/she has physical limitation which hampers his/her writing capabilities owing to his/her disability.

हस्ताक्षर Signature

मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/ सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक
Chief Medical Officer/Civil Surgeon/Medical Superintendent of a Government health care institution

नाम एवं पदनाम Name & Designation

सरकारी चिकित्सालय/स्वास्थ्य केन्द्र का नाम एवं मोहर
Name of Government Hospital/Health Care Centre with Seal

स्थान Place:

दिनांक Date:

नोट Note:

प्रमाणपत्र संगत विषय/नि:शक्तता के विशेषज्ञ द्वारा जारी किया जाना चाहिए (जैसे दृष्टि बाधित – नेत्र रोग विशेषज्ञ, चलन सम्बंधी नि:शक्तता - अस्थि रोग विशेषज्ञ/पीएमआर)

Certificate should be given by a specialist of the relevant stream/disability (eg. visual impairment-ophthalmologist, locomotor disability-orthopaedic specialist/PMR).

अनुलग्नक ANNEXURE-सी C

स्वयं के सहायक लेखक के लिए वचन-पत्र Letter of Undertaking for using own Scribe

मैं ....., ... (नि:शक्तता का नाम) अभ्यर्थी, रोल नंबर ....., ...(राज्य का नाम) में ..... जिले के ..... (केन्द्र का नाम) में ..... (परीक्षा का नाम) के लिए उपस्थित हो रहा हूँ/हो रही हूँ। मेरी अर्हता ..... है।

I……..,a candidate with ……..(name of the disability) appearing for the …… (name of the examination) bearing Roll No. ……., at …… (name of the centre) in the District ……., ……. (name of the State). My qualification is …….

मैं एतदद्वारा कहता/कहती हूँ कि ..... (सहायक लेखक का नाम) उपर्युक्त परीक्षा में लेखन हेतु अधोहस्ताक्षरी को सहायक लेखक/पाठक/प्रयोगशाला सहायक की सेवायें प्रदान करेंगे।

I do hereby state that …… (name of the scribe) will provide the service of scribe /reader/lab assistant for the undersigned for taking the aforesaid examination.

मैं एतदद्वारा वचन देता हूँ कि उनकी अर्हता ..... है। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उनकी अर्हता अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार नहीं है और मेरी अर्हता से अधिक है, तो इस पद और उसके दावों के लिए मेरे अधिकार जब्त कर लिये जायेंगे। I do hereby undertake that his qualification is …….. In case, subsequently it is found that his qualification is not as declared by the undersigned and is beyond my qualification, I shall forfeit my right to the post and claims relating thereto.

(नि:शक्त अभ्यर्थी के हस्ताक्षर Signature of the candidate with Disability)

स्थान Place:

दिनांक Date: